UNNAO POLICE

**प्रेस नोट - दिनांक 19.05.2025**
**थाना अजगैन ,जनपद उन्नाव।**

# मंदिर से घण्टे व रूपये चुराने वाले 02 चोर गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजगैन पुलिस द्वारा मंदिर से घण्टे व रूपये चुराने वाले 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 09.05.2025 को थाना अजगैन पर वादी की सूचना तहरीर पर भावल देवी मन्दिर व कृपा बिहारी मन्दिर से घण्टें (छोटे व बडे) तथा रुपये दानपात्र से चोरी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 171/25 धारा 303(2) BNS पंजीकृत किया गया। जिसमें आज दिनांक 19.05.2025 को उ0नि0 श्री रवीन्द्र मालवीय मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा अभियुक्तगण 01.रामप्रसाद पुत्र साहबलाल निवासी बजराह गढी थाना मांखी जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष 02.आशीष वर्मा पुत्र रामशंकर वर्मा निवासी 66/269 कछियाना मोहल्ला थाना हरवंश मोहाल जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 23 वर्ष को कब्जे से 05 अदद छोटे बडे घण्टे व 450 रुपये बरामद कर क्रमश: कुशली खेड़ा मोड़ व भूसा टोली कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना अजगैन पर धारा 317(2)/317(4) BNS की बढोत्तरी की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.रामप्रसाद पुत्र साहबलाल निवासी बजराही गढी थाना मांखी जनपद उन्नाव उम्र करीब 45 वर्ष।
2.आशीष वर्मा पुत्र रामशंकर वर्मा निवासी 66/269 कछियाना मोहल्ला थाना हरवंश मोहाल जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 23 वर्ष।

## बरामदगी-

05 अदद छोटे बडे घण्टे व 450 रुपये

## अपराधिक इतिहास-

**रामप्रसाद पुत्र साहबलाल-** मु0अ0सं0 1167/11 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना माँखी जनपद उन्नाव।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. उ0नि0 श्री रवीन्द्र मालवीय
2. हे0का0 राम प्रताप
3. का0 गौरव कुमार



**प्रेस नोट - दिनांक 19.05.2025**

**थाना गंगाघाट ,जनपद उन्नाव ।**

# ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई संपूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते मे कराई गई रिफण्ड

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 10500/- रू0 की संपूर्ण धनराशि थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा पीड़ित के खाते मे रिफण्ड कराई गई।**

**संक्षिप्त विवरण-** आवेदक गौरव सिंह पुत्र जितेन्द्र कुमार नि0 प्रेम नगर शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव द्वारा साइबर पोर्टल पर आनलाइन प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 21.04.2025 को ऑनलाइन बैंकिग के माध्यम से 10500/- रू0 का फ्राड होने विषयक दिया गया था। जिस पर दिनांक 19.05.2025 को थाना गंगाघाट उन्नाव की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए फ्राड की गयी 10500 /- रू0 की संपूर्ण धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी गई।

**कार्यवाही करने वाली टीमः-**

1. प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा
3.अपराध निरीक्षक फूल सिंह
2.महिला आरक्षी समरीन बानो,



**प्रेस नोट - दिनांक 19.05.2025**

**थाना सोहरामऊ, जनपद उन्नाव।**

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सोहरामऊ पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।**

**संक्षिप्त विवरण-** आज दिनांक 19.05.2025 को उ0नि0 श्री लक्ष्मी प्रसाद मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा वारंटी अभियुक्त रामकुमार पुत्र हुलासी निवासी ग्राम मझरिया थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव सम्बन्धित केस नं0- 1284/23 अ0सं0- 157/2021 धारा- 323/504/506 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेस किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

रामकुमार पुत्र हुलासी नि0ग्राम मंझरिया थाना सोहरामऊ जनपद उन्नाव उम्र करीब 25 वर्ष

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1 उ0नि0 श्री लक्ष्मी प्रसाद

2 का0 विकास सिंह

